# प्रेस विज्ञप्ति

**भारत सरकार की राजकोषीय हुण्डियों का नीलामी कैलेण्डर**
(जून, 2017 को समाप्त तिमाही के संबंध में)

भारत सरकार की नकदी की स्थिति की समीक्षा करने के पश्चात ,भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श कर जून, 2017 को समाप्त तिमाही में राजकोषीय हुंण्डियों के निर्गम के लिए निम्नानुसार राशियों को अधिसूचित करने का निर्णय लिया हैः

**1 अप्रैल , 2017 - से 30 जून , 2017 के दौरान राजकोषीय हुण्डियों की प्रस्तावित नीलामी**

**(करोड़ रुपए)**

| नीलामी की तिथि | 91 दिवसीय | 182 दिवसीय | 364 दिवसीय | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| 05 अप्रैल, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| 12 अप्रैल, 2017 | 8,000 | | 6,000 | 14,000 |
| 19 अप्रैल, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| 26 अप्रैल, 2017 | 8,000 | | 6,000 | 14,000 |
| 03 मई, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| 09 मई, 2017 | 8,000 | | 6,000 | 14,000 |
| 17 मई, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| 24 मई, 2017 | 8,000 | | 6,000 | 14,000 |
| 31 मई, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| 07 जून, 2017 | 8,000 | | 6,000 | 14,000 |
| 14 जून, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| 21 जून, 2017 | 8,000 | | 6,000 | 14,000 |
| 28 जून, 2017 | 8,000 | 6,000 | | 14,000 |
| **जोड़** | **104,000** | **42,000** | **36,000** | **182,000** |

2. भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक ,सरकार की आवश्यकताओं, उभरती बाजार दशाओं और अन्य संबद्ध कारकों को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित राशि के संशोधन और राजकोषीय हुंण्डियों की नीलामी के समय निर्धारण में अपनी लोचशीलता बनाए रखेगी। परिस्थितियों के अनुसार, जिसमें बीच में पड़ने वाले अवकाश जैसे कारण भी शामिल होंगे ,इस कैलेण्डर में परिवर्तन किया जा सकेगा। यदि ऐसे कोई परिवर्तन हों, तो उन्हें नियमित प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

3. राजकोषीय हुण्डियों की नीलामी ,भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य अधिसूचना सं- एफ4(8)-डब्ल्यू एंड एम/ 2015, दिनांक 26 मई, 2016, समय-समय पर यथासंशोधित में विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन होगी।

**भारत सरकार,**
**वित्त मंत्रालय,**
**आर्थिक कार्य विभाग,**
**बजट प्रभाग**
**नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001**
**दिनांक 28 मार्च, 2017**